## भारतीय शिक्षा बोर्ड 2026-27
### पाठ्यक्रम-कक्षा : 09-[redacted]
### हिंदी भाषा एवं साहित्य
### (अन्वेषा और अधिति)
### विषय कोड-001

**माध्यमिक स्तर-09-10**

**माध्यमिक स्तर पर 09-10 हिंदी भाषा एवं साहित्य शिक्षण के उद्देश्य—**

1. **संचार कौशल विकसित करना—** छात्रों को हिंदी में पढ़ने, लिखने, सुनने और बोलने में सक्षम बनाना।
2. **शब्दावली और व्याकरण में सुधार करना—** विद्यार्थियों को भाषा की शुद्धता पूर्वक अभिव्यक्ति कौशल में दक्ष बनाना।
3. **बोध क्षमता का विकास—** विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं की पुस्तकों, जैसे—कविता, कहानी, उपन्यास, निबंध, आत्मकथा इत्यादि को पढ़कर समझने की दक्षता का विकास करना।
4. **रचनात्मक अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना—** विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को लिखकर एवं बोलकर अभिव्यक्त करने में दक्ष बनाना।
5. **विवेचनात्मक सोच एवं समझ का विकास करना—** विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं की रचनाओं को पढ़कर, उनका विश्लेषण विवेचन तथा समीक्षा करने में दक्ष बनाना।
6. **उच्च शिक्षा के लिए तैयार करना—** विद्यार्थियों को कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, प्रतियोगी परीक्षाओं इत्यादि में सफलता पूर्वक प्रवेश लेने में दक्ष बनाना।
7. **सांस्कृतिक एवं नैतिक समझ को विकसित करना—** विद्यार्थियों को साहित्य के माध्यम से विभिन्न संस्कृतियों, कलाओं, परंपराओं इत्यादि से परिचित कराना।

## अंक विभाजन
### पूर्णांक-100

| खंड | | | भारांक | कालांश |
|---|---|---|---|---|
| क | अपठित बोध | | 14 | 30 |
| ख | व्यावहारिक व्याकरण | | 16 | 35 |
| ग | पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक | | 30 | 75 |
| घ | रचनात्मक लेखन | | 20 | 40 |
| योग | | | 80 | 180 |

**भारांक—** 80 वार्षिक परीक्षा + 20 आंतरिक परीक्षा

## पाठ्यक्रम विभाजन

### सत्रवार

| सत्रीय परीक्षा -1 | अर्द्धवार्षिक परीक्षा | सत्रीय परीक्षा -2 | वार्षिक परीक्षा |
|---|---|---|---|
| • हिंदी साहित्य का इतिहास<br>• नमन करूँ मैं<br>• भाई-बहन<br>• उत्साह | • हिंदी साहित्य का इतिहास<br>• उत्साह<br>• वचन<br>• तत्सत<br>• रहीम के दोहे<br>• नीतिवचन | • हिंदी साहित्य का इतिहास<br>• वैयाकरण<br>• नीम की पत्तियाँ<br>• ठेस<br>• पहाड़ों की रानी माँ गाइदिनल्यू | • हिंदी साहित्य का इतिहास<br>• वैयाकरण<br>• नीम की पत्तियाँ<br>• ठेस<br>• पहाड़ों की रानी माँ गाइदिनल्यू<br>• नदी<br>• हमारे पूर्वज |
| **व्याकरण के बिंदु** | **व्याकरण के बिंदु** | **व्याकरण के बिंदु** | **व्याकरण के बिंदु** |
| • हिंदी भाषा एवं मानक हिंदी<br>• भाषाओं का वर्गीकरण<br>• वर्ण विचार | • भाषाओं का वर्गीकरण<br>• वर्ण विचार<br>• उपसर्ग/प्रत्यय<br>• संधि | • पद परिचय<br>• समास<br>• अशुद्धि-संशोधन | • मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ<br>• रस<br>• छंद<br>• अलंकार<br>• अपठित गद्यांश-पद्यांश<br>• शब्द शक्तियाँ |

**निम्नलिखित पाठ आंतरिक मूल्यांकन में शामिल किए जाएँगे—**

- निंदा रस
- सौंदर्य की नदी नर्मदा
- महुए तोड़े नहीं जाते
- यात्रा चित्रकला की

**आंतरिक मूल्यांकन में शामिल किए गए व्याकरण के बिंदु—**

- कविता कैसे लिखें
- आओ कहानी बुनें
- नाट्य लेखन एवं मंचन
- पटकथा-संवाद लेखन, फिल्म समीक्षा
- नए विषयों पर लेखन

**आंतरिक मूल्यांकन के बिंदु—**

चर्चा, परिचर्चा, समूहवार्ता, भाषण, वाद-विवाद, परियोजना-कार्य, लघुशोध, कविता, कहानी, रिपोतार्ज, संस्मरण इत्यादि का लेखन, विद्यालय के सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग, सहपाठियों, पर्यावरण के प्रति किया गया व्यवहार इत्यादि।